प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

23.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 10 वर्ष में उनकी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के कारण दुनिया अब भारत के सामरिक महत्व को स्वीकार कर रही है। प्रधानमंत्री ने जर्मनी के स्टटगार्ट में एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम का विषय था 'भारत–जर्मनी' सतत विकास की रूपरेखा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और हर देश विकास के लिए भारत के साथ सहयोग करना चाहता है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत भी विश्व का एक बड़ा विनिर्माण केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि भारत मेक इन इंडिया से जुड़े निर्माताओं को उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन देता है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 116वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

पर्यटन निगम

प्रदेश उच्च न्यायालय ने पर्यटन विकास निगम के घाटे में चल रहे 18 में से 9 होटलों को अगले साल 31 मार्च तक संचालन की छूट दे दी है। निगम की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की एकलपीठ ने फैसला वापिस लेने से इनकार करते हुए निगम को राहत दी है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने 19 नवंबर को निगम के घाटे में चल रहे 18 होटलों को 25 नवंबर तक बंद करने के आदेश दिए थे।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने गौतम अदानी मामले की संयुक्त संसदीय सचिव से जांच करवाने की मांग की है ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके। प्रतिभा सिंह ने एक ब्यान में कहा है कि कांग्रेस पहले से ही अदानी समूह द्वारा की जा रही गड़बड़ियों के मामले उठाती रही है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब अमेरिका की एक अदालत द्वारा अदानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने से साफ हो गया है कि अदानी समूह प्रतिभूति गड़बड़ियों में शामिल है।

सीबीएसई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

मौसम

प्रदेश के न्यूनतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट से शुष्क ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जनजातीय इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है और मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर सुबह–शाम घना कोहरा छा रहा है। मौसम विभाग ने आज से उच्च पर्वतीय क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल स्पीति, कांगड़ा, चंबा व कुल्लू जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है, जबकि अन्य भागों में मौसम साफ बना रहेगा। विभाग ने प्रदेश के मैदानी इलाकों में आगामी तीन दिनों तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश न होने से रबी सीजन में लगाई गई फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। कृषि विभाग के उप निदेशक अजब कुमार नेगी ने कहा कि बारिश न होने से शिमला जिले में केवल 10 से 20 फीसदी जमीन पर ही बिजाई का कार्य हो पाया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने सीपीएस मामले से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है– हिमाचल सरकार को सुप्रीम राहत–सीपीएस पद से हटाए 6 विधायकों की सदस्यता बरकरार रहेगी। दैनिक जागरण का शीर्षक है विधानसभा सदस्यता को मिले संरक्षण को असंवैधानिक ठहराने के आदेश पर भी रोक। दैनिक भास्कर के शब्द हैं सीपीएस मामले में हिमाचल सरकार को राहत, 6 पूर्व सीपीएस की विधायकी पर खतरा नहीं। आपका फैसला का कहना है सीएम ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है घाटे में चल रहे नौ होटलों को 31 मार्च तक चलाने के आदेश। हिमाचल दस्तक लिखता है 31 मार्च तक खुले रहेंगे घाटे में चल रहे 18 में से 9 होटल।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है विपक्ष जानबूझकर व्यक्तिगत हमले करने का कर रहा प्रयास।